एक नजर में

## सुरभित सुमन काव्य संग्रह लोकार्पित



**इंदौर .** कविता का लक्ष्य सबका कल्याण होता है . शब्द की ज़मीन पर जब भावनाओं के बीज बोए जाते हैं तब कविता की फसल पल्लवित होती है . मन को सुमन बनाने का कर्म करती है कविता . ये बातें ख्यात कवि प्रो राजीव शर्मा ने वरिष्ठ शिक्षाविद् अनिल ओझा की साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा चयनित प्रथम कृति सुरभित सुमन काव्य संग्रह के लोकार्पण अवसर पर कही . कार्यक्रम सराफा विद्या निकेतन के सभागृह में आयोजित किया गया . इस अवसर पर साहित्य अकादमी के निदेशक डा . विकास दवे ने कहा कि इस संग्रह की रचनाओं में लेखक ने हृदय की भावनाओं को उकेरा है जो राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में सहायक है . डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ल ने कहा कि कोई भी साहित्य बिना श्रेष्ठ समीक्षकों के ऊंचाइयां प्राप्त नहीं कर सकता . हरेराम वाजपेयी ने कहा कि संकलन की अधिकांश रचनाएं पाठ्य पुस्तकों में स्थान पाने की योग्यता रखती हैं . कृति पर चर्चा करते हुए मुकेश इंदौरी ने कहा कि ये कृति 71 पंखुड़ियों से गूंथा हुआ सुमन है जो समूचे परिवेश को सुरभित करने में सहायक है . ये कृति सभ्यता संस्कृति राष्ट्रीयता की त्रिवेणी की संवाहक है . संचालन शिक्षाविद सुनयना शर्मा ने किया . आभार धीरेन्द्र ओझा ने माना .

## ग्रीन बेल्ट के लिए भूमिपूजन



**इंदौर .** विधानसभा 5 के वार्ड 41 के संचार नगर एक्सटेंशन के रहवासियों को ग्रेन बेल्ट की सौगात दी गई . पार्षद प्रणव मंडल ने बताया कि कालोनी के मुख्यमार्ग पर लागत 74 लाख की लागत से बनने वाले ग्रीन बेल्ट के लिए भूमिपूजन विधायक महेंद्र हार्डिया के मुख्य आथित्य में किया गया . इस ग्रीन बेल्ट के लिए आयोजित भूमि पूजन में कालोनी के गणमान्य नागरिक सहित अनेक महिलाओं ने शिरकत की . इस अवसर पर मंडल महामंत्री भेरूलाल जोशी, पं महेश जोशी, दीदी नेहा शर्मा, बूथ अध्यक्ष राकेश चौरसिया और अखिल सुर ने भूमिपूजन किया . इस अवसर पर सभी रहवासी उपस्थित थे .

## श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती पर पौधारोपण



**इंदौर .** भारतीय जनता पार्टी के शिखर पुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती पर कड़ाबीन बगीचा मल्हारगंज में पौधारोपण किया गया . कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सुरेश चौहान ने बताया उपस्थित महिला और पुरुषों द्वारा मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया . इस अवसर पर वार्ड की सफाई कर्मचारी लताबाई को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया . कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा नेता कमलेश खंडेलवाल ने कहा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के त्याग बलिदान और संघर्ष की तपस्या से ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनकर उभरी है . इस अवसर पर मुकेश खाटवा, आयुष शर्मा, योगेश कसेरा सहित मातृशक्ति मौजूद थे .

## अमेजन फैशन व ब्यूटी के साथ हर लम्हा बनाएं खास

**इंदौर .** प्राइम डे एक बार फिर वापस आ गया है और इस बार पहले से भी बडा, बेहतर और ज्यादा फैशनेबल है . 12 से 14 जुलाई तक, अमेजन प्राइम में सब को मिलेगा 72 घंटे तक फैशन और ब्यूटी की लगातार खोज का मौका . अब फैशन फोमो नहीं है, यह है वह पल जब आप अपनी वॉर्डरोब को रिफ्रेश करें, ब्यूटी कैबिनेट को फिर से भरें और हर दिन को एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाएं . इस साल प्राइम डे पर गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी की खास नई रेंज भी लॉन्च की जा रही है . मॉनसून शॉपिंग को और आसान बनाने के लिए एक खास मॉनसून स्टोर भी तैयार किया गया है, जिसमें फैशन और ब्यूटी के चुनिंदा प्रोडक्ट्स एक साथ मिलेंगे . इस प्राइम डे पर सबसे रोमांचक लॉन्च में से एक सफारी एक्टस बोट ट्रैकर लगेज . प्राइम मेंबर्स के लिए शाम 8 बजे से रात 12 बजे तक चलने वाले लिमिटेड टाइम ऑफर में मिलेंगी इस इवेंट की सबसे बेहतरीन डील्स, खास उन लोगों के सलए जो कभी भी शानदार मौका नहीं छोड़ते .

## एशियन पेंट्स ने एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक पेश किया

**इंदौर .** एशियन पेंट्स लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है . यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है . अल्टिमा प्रोटेक में ग्रैफीन-आधारित लेमिनेशन प्रोटेक्शन की शुरुआत से लेकर रोयल में टेफ्लॉन-आधारित दाग प्रतिरोध तकनीक तक, ब्रांड ने श्रेणी में पहली बार कई नवाचारों की एक श्रृंखला पेश की है, जिसने पेंट की क्षमताओं की परिभाषा ही बदल दी है . लॉन्च के बारे में एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ अमित सिंगले ने कहा, आजकल घर चहल-पहल से भरे होते हैं- त्योहार, बच्चे, पालतू जानवर और हर रोज़ की घटनाएं दीवारों पर निशान छोड़ती हैं . एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक और इसकी लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी के साथ, हमने एक ऐसा समाधान बनाया है जो इस हकीकत के अनुरूप है । यह इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ दाग प्रतिरोधक क्षमता के कारण दीवारों को साफ रखने के तनाव को दूर करता है .

## एक्सारो टाइल्स लगाएगा 5 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना

**इंदौर .** विट्रीफाइड और ग्लेज़्ड टाइल्स निर्माता कंपनी एक्सारो टाइल्स लिमिटेड ने गुजरात के गोरल, ईडर में 5 मेगावाटडीसी सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की घोषणा की है . यह परियोजना कंपनी की स्थिरता, परिचालन कुशलता और उत्तरदायी निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है । यह सौर परियोजना 25 वर्ष और 4 महीने की लीज़ पर ली गई भूमि पर स्थापित की गई है और कंपनी कीतालोद, गुजरात स्थित निर्माण इकाईके लिए कैप्टिव उपयोग हेतु समर्पित है . वर्तमान में यह इकाईप्रति वर्ष लगभग2 .1 करोड़ यूनिट बिजलीकी खपत करती है . सौर ऊर्जा के इस उपयोगसे कंपनी को सालाना 5 .67 करोड़ तक की संभावित बचत की उम्मीद है,जिससे ऊर्जा लागत में लगभग30% की कमी होगी . एक्सारो टाइल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश कुमार बी. पटेल ने कहा यह सौर परियोजना हमारे व्यवसाय को वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है . यह केवल लागत-कुशलता को हीनहीं बढ़ाता, बल्कि हमारी स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है .

## डरना नहीं हंसना जरूरी है!

**इंदौर .** इस हफ्ते एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में अतीत की कहानियां वर्तमान से टकराएंगी । किरदार अपने पिछले जन्म से जुड़े राज़, अधूरी कहानियों और मज़ेदार बदले के तूफ़ान में फंसते नज़र आएंगे । दर्शकों को मिलेगा कई सारे शाही राज़, उलझनों और ढेर सारी हंसी का तड़का । 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का किरदार निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने आगामी कहानी के बारे में बताते हुये कहा, ''कहानी में दिलचस्प मोड़ तब आता है जब हप्पू की मुलाकात एक रहस्यमयी बूढ़े आदमी से होती है, जो अचानक उसके पैर छूकर उसे महाराजा हपेन्द्र सिंह का पुनर्जन्म बताता है । साथ ही वह बताता है कि हप्पू की रानी पिछले जन्म में रानी बिपासा थी . 'भाबीजी घर पर हैं' में अनोखेलाल सक्सेना का किरदार निभा रहे, सानंद वर्मा ने कहा सक्सेना के जीवन में बड़ा उलटफेर तब आता है जब उसके गुरुजी उसे एक रहस्यमयी कलश और प्राचीन किताब सौंपते हैं । गुरुजी चेतावनी देते हैं कि इन दोनों की खास सुरक्षा करनी है, क्योंकि इसमें 'चोली साम्राज्य' की रानी और उनके दरबारियों की खतरनाक आत्माएं क़ैद हैं . सक्सेना जब घर लौट रहा होता है, तो धक्का-मुक्की में वह कलश गिर जाता है और उसके टूटते ही चोली साम्राज्य की आत्माएं आज़ाद हो जाती हैं .



# हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का जुलूस निकला

नवभारत न्यूज

**इंदौर. रविवार को मुस्लिम समाज ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का जुलूस निकाला. समाजजन ताजिए लेकर निकले. सबसे पहले राजवाड़ा के समीप इमामवाड़ा से सरकारी ताजिया निकला.** उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों से ताजिया लेकर आए लोग जुलूस में शामिल हुए. जुलूस निर्धारित मार्गों सुभाष चौक, राजबाड़ा, यशवंत रोड, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ, हरसिद्धि, मोती तबेला और कलेक्टोरेट चौराहा से होता हुआ धोबी घाट मैदान पहुंचा. इसमें मन्नती शेर भी जुलूस में शामिल हुए. ताजिए के नीचे से अपनी मुराद पूरी करने की आस में लोग निकले. राजवाड़ा, गुरुद्वारा, मच्छीबाजार, मोती तबेला होते हुए जुलूस कर्बला मैदान तक पहुंचा. समाजजन या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए चल रहे थे. इसके बाद ताजिए ठंडे किए गए.

# पीथमपुर सेक्टर-7 में भू धारकों को प्लाटों का आवंटन शुरू

▶ अगले चरण में 22 और 23 में जमीन देने वालो का होगा आवंटन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पीथमपुर स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप सेक्टर 7 एमआर एमपीआईडीसी ने प्लाटों का आवंटन करना शुरू कर दिया है. पिछले दिनों एमपीआईडीसी ने दो व्यवसायिक और 80 के करीब आवासीय प्लाटों का आवंटन कार्यालय में लॉटरी के द्वारा किया. खास बात यह है कि एमपीआईडीसी ने भू धारकों से लैंड पूलिंग एक्ट के तहत जमीन ली थी.**

मध्यप्रदेश निवेश क्षेत्र विकास नियम के तहत स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप सेक्टर-7 को एमपीआईडीसी विकसित कर रहा है. उक्त योजना में शामिल भू-धारकों से आपसी सहमति के आधार पर भू अर्जन लैंड पुलिंग एक्ट से किया जा रहा है. भू-धारकों से ली गई जमीन के बदले कलेक्टर गाईड लाईन का दो गुना मुआवजे का 20 प्रतिशत नगद भुगतान किया जाता है. साथ ही बकाया 40 प्रतिशत राशि के विकसित भूखण्ड आवंटित किए जाने का प्रावधान है. एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप पीथमपुर सेक्टर-7 का विकास शुरू किया था। वर्ष 2021 में एमपीआईडीसी ने भू धारकों से जमीन लेकर विक्रय पत्र पंजीयन किए थे. ऐसे शेष भू धारकों को स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप सेक्टर-7 में व्यावसायिक तथा आवासीय प्लाटों का आवंटन कार्यालय में लॉटरी सिस्टम से किया गया है. उक्त योजना में 7 करोड़ 86 लाख 70 हजार रुपए कीमत के 02 व्यवसायिक तथा 78 आवासीय प्लाटों का आवंटन किया गया है. प्रजापति ने बताया है कि आने वाले दिनों में वर्ष 2022 एवं 2023 में एमपीआईडीसी को भू धारकों द्वारा जमीन सौंप कर विक्रय पंजीयन किए गए है, उनको प्लाटों का आवंटन किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज इंदौर में

▶ शाम 5 बजे आगमन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज इंदौर आ रहेहै. शाम 5 बजे बायपास पर सांवेर भाजपा के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे. इसके बाद इंदौर में खजराना गणेश मंदिर दर्शन और फिर बंदी छोड़ गुरुद्वारे पर मत्था टेकेंगे.**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शाम को सोलारिस होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे. खंडेलवाल को बंदी छोड़ गुरुद्वारे से सोलारिस होटल तक रैली के रूप में स्वागत करते हुए लाएंगे. उनके स्वागत के लेकर नगर भाजपा और विभिन्न प्रकोष्ठों ने व्यापक तैयारी की है. भाजपा के महिला मोर्चा, भाजयुमो, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पदाधिकारियों ने अलग अलग बैठक कर कार्यकर्ताओं से स्वागत एवं सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है.

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा पिछले तीन दिनों से लगातार कार्यकर्ताओं स्वागत की तैयारियों को लेकर जानकारी ले रहे हैं. साथ कार्यकर्ताओं को पोस्टर होर्डिंग या अन्य समस्या को हल करने में पीछे नहीं रह रहे है. मिश्रा ने बताया कि हर विधान सभा के वार्ड और मंडल अध्यक्ष से 1-1 हजार कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होंगे. इंदौर की परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया जाएगा.

# खजराना सर्विस रोड का काम 10 दिन में पूरा करें : आयुक्त

▶ आयुक्त ने निरीक्षण के बाद दिए सुरक्षा का प्रबंध करने के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज खजराना सर्विस रोड का आयुक्त ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सर्विस रोड निर्माण कार्य 10 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए. साथ ही कार्य स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था करने आदेश दिए. आयुक्त ने निरीक्षण के बाद कहा कि सड़क निर्माण के बाद खजराना चौराहे पर जलजमाव से निजात मिलेगी.**



निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा आज सुबह खजराना चौराहे पर सर्विस रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. आयुक्त द्वारा खजाना गणेश मंदिर में आगामी गणेश चतुर्थी महोत्सव को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 10 दिन में उक्त सर्विस रोड का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही लेफ्ट टर्न सर्विस रोड पर निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के भी निर्देश दिए. ध्यान रहे कि दो माह से खजराना सर्विस रोड बनाया जा रहा है. निर्माण कार्य पूर्ण होने पर चौराहे पर किसी भी प्रकार का जल जमाव नहीं होने और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी. निरीक्षण के दौरान पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी आर लोधी, जोनल अधिकारी मोहित मिश्रा, उपयंत्री केतन लोट एवं निगम कर्मचारी उपस्थित थे.





# श्री हरि विट्ठल जय हरि विट्ठल के उद्घोष गूंजे

## कृष्णपुरा छत्री से गाजे- बाजे के साथ निकली दिंडी यात्रा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. समग्र मराठी समाज,इंदूर ने आषाढ़ी एकादशी पर कृष्णपुरा छत्री से दिंडी यात्रा निकाली. इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी, सदगुरु अण्णा महाराज, सुनील शास्त्री, विवेक बर्वे गुरुजी विशेष रूप से उपस्थित थे. सर्वप्रथम अतिथियों ने पालकी में विराजित विठ्ठल - रुकमा बाई की हल्दी - कंकू से पूजन किया और आरती उतारी.**

संस्था प्रमुख विनीता धर्म एवं भूपेंद्र पराडकर ने बताया कि दिंडी यात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए. महिलाएं पित वस्त्र में थी जबकि पुरुष श्वेत कुर्ता-पजामा और टोपी में थे. किसी के हाथो में टाल और झांझ थे तो किसी के पास मृदंग. सभी ज्ञान बा तुकाराम, श्री हरि विट्ठल जय हरि विट्ठल,,पंढरपुरी आहे माझे माऊली माय बाप जैसे भजन गाते हुए शामिल हुए. कुछ पुरुषो के हाथों में केसरिया ध्वज थे और वे माझे माहेर पंढरी, का उद्घोष करते हुए चल रहे थे.

मराठा समाज तिलक पथ की ओर से सुभाष मापारे, भूपेंद्र अड्सुले, शंकर जाधव, लोकेश सरोशे, अमित आमनापुरकर आदि शामिल हुए. श्रीमती शिवानी संजय अड्सपुरकर ने बताया कि दिंडी यात्रा कृष्णपुरा छत्री से शुरू होकर वीर सावरकर मार्केट, आडा बाजार, यशवंतगंज होते हुए पंढरीनाथ मन्दिर पर समाप्त हुई जहां भगवान विट्ठल की आरती की गई। समापन प्रसाद वित रण से हुआ. अतिथि स्वागत अर्चना चितले, स्वाति काशिद, कमलेश नाचन,पुनीत मुंजाल अश्विन खरे और अनिल नागपुरकर ने किया. कार्यक्रम का संचालन आशा पाटिल ने किया. आभार माना सुश्री विनीता धर्म ने.

# पुष्प ग्रुप इंदौर द्वारा वृहद पौधारोपण

**इंदौर. दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आह्वान पर निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका के मार्गदर्शन में पुष्प ग्रुप इंदौर द्वारा लोखंडे पुल रामबाग पर पर्यावरण माह के अंतर्गत वृहद पौधारोपण किया गया.** पुष्प ग्रुप अध्यक्ष मयंक काला ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, सामाजिक संसद इंदौर के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, महावीर ट्रस्ट अध्यक्ष अमित कासलीवाल, स्थानीय पार्षद सुरेश टाकलकर, आशीष जैन सुतवाले, प्रदीप चौधरी, संजय पापड़ीवाल, प्रदीप जैन जबलपुर, द्वारा किया गया. पुष्प ग्रुप सदस्यों ने सभी रोपित पौधे जिसमे आम, जाम, मोसलि, चीकू, मीठी नीम, बादम आदि थे, को सम्भालने की जवाबदारी ली.

इस अवसर पर प्रोबध जैन, गिरीश रारा, नरेंद्र जैन, शेखर पायल जैन, अतुल गोइल, मनीष जैन, सुरेश थोरा विशेष रूप से उपस्तिथ थे. संचालन ग्रुप सचिव रितेश जैन ने किया. आभार ग्रुप कोषाध्यक्ष अजय जैन ने व्यक्त किया.






# रचनाकारों ने जानी लघुकथा लेखन की बारीकियां

▶ विचार प्रवाह साहित्य मंच ने लघुकथा संगोष्ठी का आयोजन किया

नवभारत न्यूज

**इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने शनिवार शाम इंदौर प्रेस क्लब सभागृह में लघुकथा संगोष्ठी का आयोजन किया. संगोष्ठी में तेरह लघुकथाकारों ने पर्यावरण संरक्षण, नैतिक और जीवन मूल्य विषय पर आधारित लघुकथाओं का वाचन किया.** वरिष्ठ लघुकथाकार देवेंद्रसिंह सिसौदिया और वरिष्ठ लेखिका डॉ. भावना बर्वे ने इन लघुकथाओं पर समीक्षा प्रस्तुत करते हुए लघुकथा लेखन की बारीकियों से रचनाकारों को अवगत कराया. मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया. सचिव माधुरी व्यास ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन प्रचार प्रमुख राधिका मंडलोई ने किया. आभार महासचिव अर्चना मंडलोई ने माना. इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुषमा दुबे, वरिष्ठ लेखिका कुसुमलता मंडलोई की विशेष उपस्थिति थीं. अमिता मराठे, अर्चना पंडित, शोभारानी तिवारी, सुषमा व्यास पारिजात, स्वाति श्रोत्री, डॉ. सुनीता फड़नीस, आशा मुंशी, सुषमा दुबे,अर्चना मंडलोई, माधुरी व्यास, डॉ.आरती दुबे, डॉ.प्रणव देवेन्द्र श्रोत्रिय, शालिनी बड़ोले, उपासना गुप्ता आदि ने लघुकथा वाचन किया.

एक नजर में ▶ होम्योपैथी चिकित्सा की आईटीपी बीमारी पर जीत

# सात वर्षीय बालक ने आईटीपी जैसी गंभीर बीमारी को दी मात

▶ रक्त जनित रोगों में जन-जागरूकता की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण

नवभारत न्यूज

**इंदौर. स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई आशा की किरण उस समय दिखाई दी जब उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ निवासी 7 वर्षीय आयुष्मान सिंह ने आईटीपी (इम्यून थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया) जैसी जटिल और भयावह बीमारी को मात दी. यह कमाल इंदौर के होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. ए.के. द्विवेदी की समर्पित चिकित्सा पद्धति, गहन अनुभव और मानवीय दृष्टिकोण के कारण संभव हो पाया.**



जून 2024 में जब आयुष्मान की तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी प्लेटलेट्स 3,000 तक गिर गईं, तब उसके माता-पिता बुरी तरह घबरा गए. अनेक डॉक्टरों और अस्पतालों में लंबा उपचार चला, लेकिन आईटीपी की जटिलता और बोन मैरो खराबी की आशंका ने पूरे परिवार को मानसिक और आर्थिक रूप से झकझोर दिया. तब परिवार डॉ. ए.के. द्विवेदी के पास पहुँचा. डॉ. द्विवेदी ने न केवल आयुष्मान की मेडिकल हिस्ट्री को गंभीरता से समझा, बल्कि होम्योपैथिक पद्धति में रोगी-केन्द्रित विश्लेषण के आधार पर उसका व्यक्तिगत उपचार प्रारंभ किया. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इम्यून थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली अपनी ही प्लेटलेट्स को नष्ट करने लगती है. प्लेटलेट्स की संख्या कम होने से मरीज को आसानी से खून बहने, त्वचा पर चकत्ते उभरने, अंदरूनी रक्तस्राव और अन्य गंभीर जोखिमों का सामना करना पड़ता है. यह बीमारी बच्चों और युवाओं में दुर्लभ होते हुए भी अत्यंत घातक सिद्ध हो सकती है.

होम्योपैथी एक संवेदनशील, वैज्ञानिक और समग्र चिकित्सा प्रणाली है. यह केवल लक्षणों पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की संपूर्ण मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्थिति पर ध्यान देती है. आईटीपी जैसे मामलों में धैर्य और निरंतरता अत्यंत आवश्यक होते हैं. यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि विज्ञान और समयबद्ध चिकित्सा का परिणाम है. लगभग 18 महीने के उपचार के बाद अंशुमान की प्लेटलेट्स अब 2 लाख से अधिक हैं और वह अब एक सामान्य बालक की तरह स्कूल जाता है, खेलता है और जीवन का आनंद लेता है.

### ▶ समग्र उपचार का विकल्प

डॉ . द्विवेदी ने कहा कि यह सफलता सिर्फ अंशुमान की नहीं, बल्कि होम्योपैथी चिकित्सा के प्रति जनविश्वास का प्रतीक है . यह उन हजारों माता-पिताओं के लिए एक संदेश है, जो आधुनिक चिकित्सा में सीमित उत्तर मिलने के बाद थक-हार चुके हैं . आईटीपी जैसी बीमारियाँ, जिनका इलाज लंबे समय तक स्टेरॉयड या इनवेसिव प्रक्रियाओं से होता है, वहाँ होम्योपैथी एक कम जोखिम, कम साइड इफेक्ट और अधिक समग्र उपचार विकल्प बनकर उभर सकती है .

### वैकल्पिक चिकित्सा पर विचार करें

आयुष्मान के माता-पिता, श्री एवं सिंह ने कहा- हम जन-जागरूकता के रूप में साझा करना चाहते हैं. हमने देखा कि कैसे एक इलाज की उम्मीद ने हमारे बेटे को नया जीवन दिया. यदि कोई बच्चा किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और लगातार इलाज के बावजूद कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, तो होम्योपैथी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर भी विचार अवश्य करें.